# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 1821 / कार्य 9 / 119 दिनांक 16-6-26

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः—**ई—पेपर अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन की खराब प्रगति पर प्रभारी मंत्री नाराज, दी चेतावनी" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 15.06.2026 को ई—पेपर अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन की खराब प्रगति पर प्रभारी मंत्री नाराज, दी चेतावनी"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फर्रुखाबाद में फेज—02 के अन्तर्गत 227 नग एवं फेज—03 के अन्तर्गत 151 नग कुल 378 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में फेज—02 के अन्तर्गत 227 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 69 नग उच्च जलाशय, 1819 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1806 मी0 वितरण प्रणाली, 117748 नग गृहसंयोजन के सापेक्ष 111856 नग गृहसंयोजन एवं फर्म को आवंटित 400 नग ग्रामों में से 182 नग ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गयी है। इसी प्रकार फेज—03 के अन्तर्गत 151 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 147 नग, 1722 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1702 मी0, वितरण प्रणाली , 82452 नग गृहसंयोजन के सापेक्ष 80822 नग गृहसंयोजन किये जा चुके है एवं फर्म को आंवटित 318 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 304 नग ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। दिनांक 14.06.2026 को मा0 प्रभारी मंत्री जी, श्री जयवीर सिहं जी द्वारा अवशेष पेयजल योजनाओ पर प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिन ग्रामो की गलियों/मार्गो का रोडरेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उनको त्वरित गति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। मा0 मंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में खण्ड कार्यालय के पत्रांक—1777/रेट्रो0/35 दिनांक 15.06.2026 के द्वारा कार्यदायी फर्मो को अवशेष रोडरेस्टोरेशन का कार्य 15 दिवसों में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

**संलग्नकः— उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय**

**(सजन कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि'—**
**प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 507

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**

**बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,**

**फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601**

Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 1821 / ग्रामीण-9 / 119 दिनांक 16.6.26

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–**ई–पेपर अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन की खराब प्रगति पर प्रभारी मंत्री नाराज, दी चेतावनी" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 15.06.2026 को ई–पेपर अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन की खराब प्रगति पर प्रभारी मंत्री नाराज, दी चेतावनी"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फर्रूखाबाद में फेज–02 के अन्तर्गत 227 नग एवं फेज–03 के अन्तर्गत 151 नग कुल 378 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में फेज–02 के अन्तर्गत 227 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 69 नग उच्च जलाशय, 1819 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1806 मी0 वितरण प्रणाली, 117748 नग गृहसंयोजन के सापेक्ष 111856 नग गृहसंयोजन एवं फर्म को आवंटित 400 नग ग्रामों में से 182 नग ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गयी है। इसी प्रकार फेज–03 के अन्तर्गत 151 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 147 नग, 1722 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1702 मी0, वितरण प्रणाली , 82452 नग गृहसंयोजन के सापेक्ष 80822 नग गृहसंयोजन किये जा चुके है एवं फर्म को आंवटित 318 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 304 नग ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। दिनांक 14.06.2026 को मा0 प्रभारी मंत्री जी, श्री जयवीर सिहं जी द्वारा अवशेष पेयजल योजनाओ पर प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिन ग्रामो की गलियों/मार्गो का रोडरेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उनको त्वरित गति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। मा0 मंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में खण्ड कार्यालय के पत्रांक–1777/रेट्रो0/35 दिनांक 15.06.2026 के द्वारा कार्यदायी फर्मो को अवशेष रोडरेस्टोरेशन का कार्य 15 दिवसों में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय**

**(सजन कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**
**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 507

Scanned with OKEN Scanner

# Farrukhabad News: जलजीवन मिशन की खराब प्रगति पर प्रभारी मंत्री नाराज, दी चेतावनी

कानपुर ब्यूरो
Updated Mon, 15 Jun 2026 12:16 AM IST




फर्रुखाबाद। कलक्ट्रेट सभागार में रविवार को जिले के प्रभारी व पर्यटन मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा की। जलजीवन मिशन की खराब प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताई। खोदी गई गलियों की शीघ्र मरम्मत कराने की चेतावनी दी। जननी सुरक्षा योजना में सुधार के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री ठा. जयवीर सिंह ने कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि युवाओं को रोजगार देने के लिए जरूरतमंदों को बैंकें ऋण देने में आनाकानी करती हैं। उन्होंने जीएम डीआईसी व एलडीएम को सुधार के निर्देश दिए। जलजीवन मिशन की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र में पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई गलियों की मरम्मत न कराने का मुद्दा उठाया। प्रभारी मंत्री ने जलनिगम ग्रामीण के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। शीघ्र ही मरम्मत कराने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना की निम्न रैंकिंग पर सीएमओ को अगले माह स्थिति में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए। विधायक सुशील कुमार शाक्य ने संकिसा पीएचसी में बाउंड्रीवाल निर्माण व एमबीबीएस डॉक्टर नियुक्त किए जाने की बात कही। विधायक डॉ. सुरभि ने आवास विकास क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत सड़कों की खोदाई के बाद मरम्मत कार्य लंबित होने की शिकायत की। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि 20 दिन बाद विधायक से संपर्क कर वास्तविक स्थिति की जानकारी करें तथा कार्रवाई सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्माणाधीन नई सड़कों की सूची डीएम को उपलब्ध कराने के साथ ही स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण कराने के निर्देश दिए। हाईवे की जांच में मिली कमियां 30 जून तक दूर करने का पीडी ने समय मांगा। प्रभारी मंत्री ने 30 जून के बाद जिलाधिकारी को टीम गठित कर निरीक्षण कराने और बेवर से इटावा मार्ग पर मझोला नहर के पास दो किमी अधूरे मार्ग को एक माह में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी एलडीएम को दस वर्षों से निष्क्रिय बैंक खातों में जमा धनराशि लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए सूची उपलब्ध कराने व बीडीओ, तहसीलदार, गांव स्तरीय कर्मचारियों से केवाईसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पांचालघाट द्वितीय चरण परियोजना का कार्य टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद एक जुलाई से शुरू कराने के निर्देश दिए। वहीं ट्रॉमा सेंटर को अगले सप्ताह तक एनओसी लेकर हस्तांतरित करने के साथ सीएमओ को डॉक्टर व स्टाफ का मांगपत्र भेजने को कहा। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की सूची तैयार कर जनप्रतिनिधियों को दी जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, नागेंद्र सिंह राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र राजपूत, एसपी आरती सिंह, सीडीओ विनोद कुमार गौड़ मौजूद रहे।

Scanned with OKEN Scanner